दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 02 जुलाई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-270

## जीएसटी की दूसरी वर्षगांठ आज मनाई जाएगी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दूसरी वर्षगांठ आज मनाई जाएगी जिसमें केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव सुभाष सी. गर्ग, राजस्व सचिव डॉ. अजय भूषण पांडे, वित्त मंत्रालय के सचिव, सीबीआईसी के अध्यक्ष, पी.के. दास, सीबीआईसी के सदस्य और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। वाणिज्य, व्यापार और उद्योग के शीर्ष उद्योग मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। पूरे देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जीएसटी को 30 जून, 2017 की आधी रात को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित एक राजसी समारोह में 01 जुलाई, 2017 को लॉन्च किया गया था। इसलिए, सरकार व्यापार और उद्योग के साझेदारों के साथ 01 जुलाई, 2019 को जीएसटी की दूसरी वर्षगांठ मना रही है।

हालांकि, जीएसटी का कार्यान्वयन विशेष रूप से, शुरुआती महीनों में चुनौतियों के बिना नहीं हुआ। लेकिन व्यापार और उद्योग के सहयोग और राज्यों और सीबीआईसी के जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई अनवरत सेवा की बदौलत इन चुनौतियों को दूर कर लिया गया है और जीएसटी अब स्थिर हो गया है। इसलिए सरकार 'ग्रोइंग एंड शेयरिंग टुगेदर' (जीएसटी) की सच्ची भावना का स्मरण कर रही है।

इस समारोह के दौरान पर एमएसएमई के लिए जीएसटी पर एक पुस्तक का अनावरण भी किया जाएगा। सीबीआईसी के विशिष्ट अधिकारी, जिन्होंने जीएसटी के कार्यान्वयन में कड़ी मेहनत की है, उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा '' जीएसटी प्रशस्ति प्रमाणपत्र'' प्रदान किया जाएगा।

जीएसटी की शुरूआत भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक युगांतकारी कदम है क्योंकि इसने सरल, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-चालित कर व्यवस्था के साथ बहुस्तरीय, जटिल अप्रत्यक्ष कर संरचना को प्रतिस्थापित कर दिया है। इसने अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य की बाधाओं को तोड़कर भारत को एक एकल, समान बाजार में एकीकृत कर दिया है। विभिन्न प्रकार के करों को समाप्त करने और लेनदेन की लागत को कम करने से, यह व्यापार करने में सुगमता को बढ़ाएगा और 'मेक इन इंडिया' अभियान को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## नरेला प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के नरेला इलाके में प्लास्टिक का सामान बनाने वाले एक कारखाने में रविवार रात को लगभग आठ बजकर 31 मिनट पर भीषण आज लग गई. जिसके बाद दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर रवाना कर दी गई. रविवार होने के कारण कारखाना बंद था और इसमें सिर्फ चार मजदूर ही काम कर रहे थे, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई. वहीं मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने की कोशिशें की जा रही हैं. इस घटना में जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन लाखों का माल जलकर राख हो गया. अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है. शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है.

बताया जाता है कि ये फैक्ट्री तीन मंजिला थी जिसमें आग लगी. इस फैक्ट्री में जूते-चप्पल बनाए जाते हैं. जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई लेकिन उससे पहले आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आठ जुलाई से शुरू हो सकती है बजट चर्चा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संसद आम बजट पर आठ जुलाई से चर्चा शुरू कर सकती है। जबकि अनुदान मांगों पर मतदान 11 से 17 जुलाई के बीच हो सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का पहला बजट पांच जुलाई को पेश करेगी। वित्त मंत्रालय के बजट डिविजन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, चर्चा और 2019-20 के लिए अनुदान मांगों पर मतदान 11 से 17 जुलाई के बीच हो सकता है। बजट पर आम चर्चा आठ जुलाई को हो सकती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के सामने एक कठिन चुनौती है। उन्हें एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को एक बड़ी मंदी से बचानी है। मई में भारत दुनिया की सबसे तेजी के साथ वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था का अपना स्थान खो बैठा, यद्यपि सरकार का कहना है कि वह अभी भी सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था है। भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2019 की अंतिम तिमाही में फिसल कर 5.8 प्रतिशत हो गई, जो इसके पहले की तिमाही की 6.6 प्रतिशत से कम है।

### पीओके, गिलगित को संसदीय क्षेत्र घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और गिलगित को संसदीय क्षेत्र घोषित करने का केन्द्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी. प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका दायर करने के लिए रॉ के पूर्व अधिकारी राम कुमार यादव पर 50,000 रुपये जुर्माना भी लगाया. पीठ ने याचिका को 'कानूनी रूप से अस्वीकार्य' बताया. याचिका में कहा गया था कि पीओके और गिलगित भारत का क्षेत्र हैं, जिसपर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है और सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों में 24 नए विधानसभा क्षेत्र बनाए हैं. उसमें कहा गया है कि विधानसभा सीटों की तरह ही केन्द्र सरकार को पीओके और गिलगित में संसदीय क्षेत्र बनाने का निर्देश दिया जाए.

### संरा ने अमेरिका-उत्तर कोरिया वार्ता की घोषणा का स्वागत किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस घोषणा का स्वागत किया है कि अमेरिका और उत्तर कोरिया कार्य-स्तरीय बातचीत फिर से शुरू करेंगे। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया और अमेरिकी नेताओं की पनमुनजोम में हुई बैठकों का स्वागत किया है, खासकर उस घोषणा की स्वागत की है जिसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया और अमेरिका कार्य-स्तरीय वार्ता फिर से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, महासचिव कोरियाई प्रायद्वीप में स्थायी शांति, सुरक्षा और कोरियाई प्रायाद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में नए संबंध स्थापित करने के लिए पार्टियों के निरंतर प्रयासों का समर्थन करते हैं।

### सरकार ने सीआईएसएफ के पांच हजार अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती को दी मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली मेट्रो के बढ़ रहे नेटवर्क को अच्छी सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने पांच हजार अतिरिक्त सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेट्रो की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के सुरक्षा कमान ढांचे में बढ़ोतरी करते हुए उप महानिरीक्षक रैंक पद में एक पर्यवेक्षक पद की बढ़ोतरी की है। दिल्ली मेट्रो में मौजूदा समय में करीब 9,000 सीआईएसएफ कर्मी तैनात हैं और यह करीब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब 370 किलोमीटर क्षेत्र में फैले 270 स्टेशनों की रक्षा करते हैं। इसमें नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव और फरीदाबाद के इलाके भी शामिल हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता की रिहाई में देरी पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

### » ममता बनर्जी मीम मामला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को अवमानना का नोटिस जारी किया है. यह नोटिस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मीम पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता की रिहाई में देरी को लेकर दायर अवमानना याचिका पर जारी हुआ है. शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा है कि मई में उसके आदेश के बाद भी भाजपा कार्यकर्ता प्रियंका शर्मा को तुरंत रिहा क्यों नहीं किया गया.

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने प्रियंका शर्मा के भाई राजीब शर्मा द्वारा दायर अवमानना याचिका पर राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है. भाजपा युवा मोर्चा की नेता प्रियंका शर्मा को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 10 मई को गिरफ्तार किया था. उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (अवमानना) और सूचना एवं प्रौद्योगिकी कानून के प्रावधानों के आरोपों में मामला दर्ज किया गया था. तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की शिकायत पर यह गिरफ्तारी हुई थी. शीर्ष अदालत की अवकाश पीठ ने 14 मई को प्रियंका शर्मा को तत्काल जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था.

## गहरी खाई में गिरी बस, 35 लोगों की मौत



**किश्तवाड़ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सोमवार सुबह यात्रियों से भरी एक मिनी बस के गहरी खाई में गिर जाने से 35 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों में सात की हालत गंभीर बताई जा रही है. मौके पर रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई है और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है.

यह हादसा किश्तवाड़ के सिरगवारी केशवन इलाके में हुआ, जहां सुबह करीब पौने आठ बजे के करीब एक मिनी बस फिसलकर गहरी खाई में गिर गई. बताया जा रहा है कि केशवन से किश्तवाड़ जा रही इस मिनीबस में क्षमता से कहीं ज्यादा यात्री सवार थे. जिस समय ये हादसा हुआ उस वक्त बस में लगभग 50 से ज्यादा लोग सवार थे.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक हादसे में ड्राइवर सहित 33 लोगों की मौत हो चुकी है. स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय ऐसी आवाज आई जैसे कोई धमाका हुआ हो. स्थानीय लोगों ने जब बाहर निकलकर देखा तो बस खाई में गिरी हुई थी.

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल लोगों को किसी तरह बस से बाहर निकाला. हादस को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयानक था. बताया जाता है कि कई लोग हादसे के समय बस की खिड़की से नीचे कूद गए, जिसके कारण उनकी मौत हो गई. हादसे में 22 लोग के घायल होने की भी सूचना है. घायलों में 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है.

## भारत ने रूस के साथ की 200 करोड़ की ऐंटी-टैंक मिसाइल डील

### » तीन महीने में होगी डिलिवरी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने रूस के साथ एंटी टैंक मिसाइल स्ट्रम अटाका खरीदने की डील साइन की है। स्ट्रम अटाका एंटी मिसाइल के एमआई-35 हेलीकॉप्टर में लगाए जाने से दुश्मनों के टैंक और अन्य हथियारों से बचाव की क्षमता हासिल हो जाएगी। एमआई-35 भारतीय एयरफोर्स का अटैकिंग हेलीकॉप्टर है। भारत और रूस के बीच यह डील 200 करोड़ रुपए में हुई है। आरएनएस के मुताबिक ऐंटी-टैंक मिसाइल स्त्रम अटाका को अधिग्रहित करने की डील इस शर्त के साथ साइन की गई है कि दस्तावेजों पर हस्ताक्षर होने के 3 महीने के भीतर ही इसकी सप्लाई करनी होगी।

स्ट्रम अटाका एंटी मिसाइल के एमआई-35 हेलीकॉप्टर में लगाए जाने से दुश्मनों के टैंक और अन्य हथियारों से बचाव की क्षमता हासिल हो जाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें, भारत सरकार ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा हमले के कुछ हफ्तों के बाद तीनों सेनाओं को आपातकालीन अधिकार दिए गए थे। इसके तहत तीनों सेना अपने जरूरत के हिसाब से 300 करोड़ रुपए के हथियार तत्काल प्रभाव से खरीद सकती हैं।

इससे पहले भारत रूस के साथ एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद भी फाइनल कर चुका है। एस-400 रूस की सबसे आधुनिक लंबी दूरी की सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। रूस से 2014 में यह प्रणाली खरीदने वाला चीन सबसे पहला देश था। भारत और रूस ने पिछले साल अक्टूबर में पांच अरब डॉलर के एस-400 वायु रक्षा प्रणाली सौदे पर हस्ताक्षर किए थे।


## आईजीआई हवाई अड्डे पर बनेगा पहला ट्रांसशिपमेंट केंद्र

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश के पहले ट्रांसशिपमेंट केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे छोटे शहरों के निर्यातकों को हवाई मार्ग के जरिये वैश्विक बाजार में उनके उत्पाद भेजने में आसानी होगी।

हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी 'डायल' के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हवाई अड्डे पर एक समर्पित 'ट्रांसशिपमेंट एक्सलेंस केंद्र' स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति, 2016 में देश के बड़े हवाई अड्डों को 'एयर कार्गो ट्रांसशिपमेंट केंद्रों' के रूप में विकसित करने की बात कही गयी है। डायल का यह कदम उसी दिशा में एक पहल है। सीमा शुल्क विभाग ने इसके लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। उसने केंद्र की परिचालन प्रक्रिया के संबंध में कुछ मानक भी तय किये हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि इससे छोटे शहरों के निर्यातक भी दिल्ली के रास्ते अपने उत्पाद देश के अन्य हिस्सों के साथ ही विदेशों में भी आसानी से भेज सकेंगे। इस केंद्र की स्थापना हवाई अड्डे के परिचालन क्षेत्र में एक बड़े भूभाग पर की गयी है। इससे 24 घंटे माल के ट्रांसशिपमेंट में आसानी होगी। एक शहर से किसी एयरलाइन में आने वाला माल ट्रांसशिपमेंट से होता हुआ बिना किसी दिक्कत के दूसरे शहरों को जाने वाली दूसरी एयरलाइन के विमान में स्थानांतरित किया जा सकेगा।

## पंजाब प्रांत में 21 आतंकवादी गिरफ्तार



**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के तहत पंजाब प्रांत में पिछले एक महीने में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस), लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि मुल्तान, बहावलनगर, बहावलपुर, टोबा टेक सिंह, गुजरांवाला और सियालकोट में पिछले एक महीने में कार्रवाई की। इस दौरान दाएश (आईएसआईएस), एलईजे और टीटीपी से जुड़े 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

बयान में कहा गया कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक, विभिन्न स्थानों के नक्शे और बड़ी मात्रा में धन बरामद किया गया है।

### मेरे उत्तर कोरिया में कदम रखने पर कई कोरियाई लोगों की आंखें भर आई थीं : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनके उत्तर कोरिया में कदम रखने पर कई कोरियाई लोगों की आंखे भर आई थीं। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया को बांटने वाले असैन्यकृत क्षेत्र में किम जोंग-उन से ऐतिहासिक मुलाकात से पहले ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच की कंक्रीट सीमा पार कर उत्तर कोरिया में कदम रखा था। ट्रम्प उत्तर कोरिया की धरती पर पहुंचने वाले पहले मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। किम के साथ मुलाकात के बाद 'ओसान एयर बेस' पर अमेरिकी सैनिकों से ट्रम्प ने कहा, '' मैंने उत्तर कोरिया में कदम रखा और वे कहते हैं कि यह ऐतिहासिक क्षण था।''

## टेक्सास में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 10 की मौत



**ह्युस्टन।** अमेरिका में टेक्सास के एडिसन हवाई अड्डे पर रविवार को एक छोटा विमान उड़ान भरते समय हैंगर(विमानशाला) से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 10 लोगों की मौत हो गयी। एडिसन सिटी की प्रवक्ता मैरी रोजनब्लीथ ने बताया कि स्थानीय समयानुसार नौ बजकर 10 मिनट पर दो इंजन वाला 'दि बीचक्राफ्ट बी ई -350 विमान उड़ान भरने के दौरान हैंगर से टकराया गया और उसमें आग लग गयी। विमान में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गयी।

रोजनब्लीथ ने कहा, इस हादसे में विमान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। विमान ने एडिसन से डल्लास के लिए उड़ान भर रही थी। एडिसन से डल्लास की उड़ान मात्र 15 मिनट की है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ,यह एक निजी विमान था और फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि उस पर कौन-कौन लोग सवार थे। राष्ट्रीय यातायात सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने ट्विटर पर कहा कि हादसे की जांच के लिए एक टीम को मौके पर रवाना किया गया है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बयान जारी करके कहा कि दुर्घटना के समय हैंगर के अंदर कोई नहीं था।

## भारी बारिश से थमी मुंबई की रफ्तार, रेल ट्रैक व सड़कों पर भरा पानी

### » रनवे पर दिखीं मछलियां



**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई में भारी बारिश ने एक बार फिर लोगों की मुसीबतों को बढ़ा दिया है। देर रात से लगातार भारी बारिश होती रही जिससे कई जगह सड़कों पर जलभराव से बुरा हाल हो गया। कुछ इलाकों में लोगों के घरों में पानी भर गया है। इस बीच पालघर में रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने से रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं और कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। मुंबई और आसपास के इलाकों में गुरुवार रात से जारी बारिश रविवार को दोपहर तक रुक-रुक कर होती रही। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिन भी बारिश से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

यही नहीं, यहां हो रही मुसलाधार बारिश के कारण रेलवे ट्रैक और बस अड्डों पर भी जलभराव देखने को मिल रहा है, जिसके कारण कई ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। बारिश के कारण ट्रेन प्रभावित होने से लोगों के रोजमर्रा कार्यों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। कई ट्रेनों के रूट भी बदलने पड़े।

पालघर में जल जमाव के कारण चार ट्रेनों को रद्द और 5 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया है। मौसम विभाग ने आज दिन में भी मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

यहां तक कि भारी बारिश के बाद जुहू एयरपोर्ट के रनवे पर भी पानी भर गया। इस दौरान वहां रनवे के पास मछलियां तैरती दिखाई दीं।

गली-गली पानी के सिवा कुछ नहीं दिख रहा है। जोरदार बारिश के कारण कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए तो कहीं मकान का हिस्सा भी गिर गया। मौसम विभाग के मुताबिक मुंबई के लोगों की परेशानी फिलहाल खत्म होने वाली नहीं है। मुंबई में आज पूरे दिन भारी बारिश के आसार हैं।

मुंबई में रात 8 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक मुंबई शहर में 91.22 मिमी. बारिश हो चुकी है। मुंबई से सटे पालघर में भी देर रात से ही बारिश हो रही है। बारिश का पानी सड़कों पर भर गया है, जिसके कारण मुंबई की रफ्तार थम सी गई है।

अलर्ट भी जारी किया गया है। बीते शुक्रवार को बारिश के कारण कई हादसे भी हुए थे, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी। अंधेरी में करंट लगने से 60 साल की एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि दूसरी घटना में करंट लगने से गोरेगांव में 2 लोगों की मौत हुई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।